देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 295 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 4 जनवरी 2020

विचार–प्रवाह...देश का पहला सीडीएस





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 6.0°

41464.61

2 मारे गए मेजर जनरल कासिम सुलेमानी

7 आईपीएल तक इंतजार करें: रवि शास्त्री

# महाविद्यालयों में सरकार एक भी रुपये की फीस वृद्धि नहीं करेगी

## उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के उच्च शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में उच्च शिक्षा विभाग के संबंध में बैठक किया। डॉ. बी.एस. बिष्ट की अध्यक्षता में बनायी गयी फीस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट बैठक में प्रस्तुत किया। बैठक में कहा गया कि सरकार एक भी रूपये फीस वृद्धि नहीं करेगी। पूर्व में ली जा रही फीस ही बरकरार रहेगी।

यह भी कहा गया कि फीस संरचना ढांचा को तार्किक कर 31 मदों की जगह लगभग 11 मदों में शामिल कर लिया जायेगा। फरवरी माह में अभिभावक संघ, छात्र संघ और प्राचार्यों के साथ एक बैठक की जायेगी। जिसमें कई मदों को मिलाकर कॉलेज विकास निधि बनाये जाने पर विचार किया जायेगा। प्रत्येक कॉलेज को वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन, कॉलेज का ऑडिट कराना एवं राजकीय एवं राष्ट्रीय आयोजन, महापुरूष दिवस को आयोजित करना अनिवार्य होगा। डॉ0 धन सिंह रावत ने कहा रोजगार वर्ष में 225 शिक्षणेत्तर पदों, प्रयोगशाला सहायक, लिपिक वर्ग, लाईब्रेरियन इत्यादि का अधियाचन भेजा जायेगा। इस अवसर पर निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. एनपी माहेश्वरी, अपर निदेशक उच्च शिक्षा रचना नौटियाल आदि मौजूद रहे।

**पूर्व में ली जा रही फीस ही रहेगी बरकरार**

**2022 तक प्रत्येक कॉलेज का भवन निर्माण**

बैठक में कहा गया कि 2022 तक प्रत्येक कॉलेज का भवन निर्माण कर दिया जायेगा एवं 2020 तक 100 प्रतिशत पुस्तक दान अभियान से प्रत्येक कॉलेज को जोड़ दिया जायेगा।



उच्च शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धन सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

# कांग्रेस सेवादल की बुकलेट से मचा सियासी घमासान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल की ओर से स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को लेकर बांटी गई किताब पर सियासी संग्राम छिड़ गया है। किताब में दावा किया गया है कि सावरकर के महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के साथ अवैध संबंध थे। बीजेपी के सवाल उठाने के बाद अब शिवसेना ने भी मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे सावरकर का अपमान करार दिया है। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि सावरकर महान थे और महान रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो उनकी आलोचना करते हैं उनके दिमाग में गंदगी भरी हुई है। वहीं, हिंदू महासभा के अध्यक्ष चक्रपाणि ने इसे बेहूदा बताया और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें होमोसेक्सुअल (समलैंगिक) तक बोल दिया।

अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, श्यह हिंदू महासभा के पूर्व अध्यक्ष सावरकरजी के खिलाफ बिल्कुल बेहूदे आरोप हैं। इसी तरह हमने भी सुना है कि राहुल गांधी होमोसेक्सुअल हैं। सावरकर पर मचे घमासान पर महाराष्ट्र में कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना ने भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, वीर सावरकर एक महान व्यक्तित्व थे और हमेशा रहेंगे। एक वर्ग उनके खिलाफ बोलता रहता है जो उनके दिमाग की गंदगी को दिखाता है कि कितना हद तक वे गिर सकते हैं।

**बवाल**

**सावरकर पर हमारा वही रुख जो पहले था: देसाई**

कांग्रेस सेवा दल के प्रमुख देसाई ने शुक्रवार को कहा कि सावरकर को लेकर उनके संगठन की राय जो पहले थी, वही अब भी है। सावरकर को वीर कहे जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया जानती है कि उन्होंने अंग्रेजों से 11 बार माफी मांगी। कोई क्रांतिकारी गोली खाता है लेकिन माफी नहीं मांगता। देसाई ने कहा, सावरकर के बारे में हमारी जो राय पहले थी, वही अब भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नए साल पर पीएम मोदी ने वैज्ञानिकों को दिया मंत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 107 वें सत्र में युवा वैज्ञानिकों के लिए अजेंडा दिया– इनोवेट, पेटेंट, प्रोड्यूस और प्रॉस्पर। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत के साइंटिस्ट दुनिया भर में परचम लहरा रहे हैं। न्यू इंडिया को नई तकनीक और नई सोच की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि वैसे तो बेंगलुरु गार्डन सिटी है लेकिन रिसर्च और इनोवेशन का ऐसा ईकोसिस्टम विकसित किया है कि हर इंजिनियर, इनोवेटर और साइंटिस्ट का इससे जुड़ना सपना है। यह सपना देश के लिए कुछ कर दिखाने की भावना से जुड़ा हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु अब स्टार्टअप के लिए अच्छा हब बन चुका है।

### कुर्सी के लिए शिवसेना ने किया विचारधारा से समझौता: नितिन गडकरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नागपुर। केन्द्रीय मंत्री और बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी ने एकबार फिर शिवसेना पर हमला बोला है। गडकरी ने आरोप लगाया है कि सीएम की कुर्सी के लिए शिवसेना ने अपनी विचारधारा से समझौता कर लिया है। नागपुर में गडकरी ने कहा, सीएम की कुर्सी के लिए शिवसेना ने अपनी विचारधारा से समझौता कर लिया, अब कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना पूरी तरह से सत्ता में हैं।

### नियंत्रण रेखा के पास माइन ब्लास्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार को एक लैंड माइन ब्लास्ट की चपेट में आकर सेना के 4 जवान घायल हुए हैं। माइन ब्लास्ट की यह घटना राजौरी से सटी नियंत्रण रेखा के पास हुई है। इस घटना में घायल जवानों को फिलहाल उधमपुर के सैन्य अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को नौशेरा जिले के कलाल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक माइन ब्लास्ट हुआ था।

# कांग्रेस को लग रही माताओं की हाय

## कोटा के बच्चों की चिंता करें गहलोत: अमित शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जोधपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री एवं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने शुक्रवार को राजस्थान के जोधपुर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में एक रैली को संबोधित किया। रैली के दौरान शाह ने कहा कि सीएए पर कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए दुष्प्रचार किया, इसलिए बीजेपी को कानून के समर्थन में जनजागरण अभियान की शुरुआत करनी पड़ी। राहुल गांधी पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि अगर वह सीएए पर चर्चा करना चाहते हैं तो कहीं भी आ जाएं और अगर इस कानून को नहीं पढ़ा है तो वह इटैलियन में अनुवाद कराकर भेज देंगे। गृह मंत्री ने कोटा के अस्पताल में बच्चों की मौत को लेकर भी कांग्रेस और सीएम गहलोत पर हमला बोला।

रैली में शाह ने लोगों से बीजेपी के द्वारा सीएए का समर्थन जताने के लिए जारी किए गए टोल–फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल भी कराई। इस दौरान शाह ने कोटा के जेके लोन अस्पताल में बच्चों की मौत को लेकर राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा। साथ ही शाह ने कांग्रेस पर सावरकर के अपमान का आरोप भी लगाया।

शाह ने कहा, गहलोत साहब, हमने तो आपके घोषणा पत्र से एक पॉइंट उठाकर उसपर अमल कर लिया, और आप उसका विरोध कर रहे हैं। ये सब बाद में करिएगा, कोटा में जो बच्चे हर रोज मर रहे हैं उसकी चिंता कर लीजिए, माताओं की हाय लग रही है।



**कांग्रेस ने सावरकर का किया अपमान**

शाह ने रैली के दौरान कांग्रेस पर स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के अपमान का आरोप लगाते हुए हमला बोला। शाह ने कहा, श्वीर सावरकर जैसे इस देश के महान सपूत और बलिदानी का भी कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। कांग्रेसियों शर्म करो–शर्म करो। वोट बैंक के लालच की भी हद होती है। वोट बैंक के लिए कांग्रेस ने वीर सावरकर जैसे महापुरुष का अपमान किया है।

**नागरिकता देने का कानून है सीएए**

शाह ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि आज कांग्रेस, ममता दीदी, एसपी, बीएसपी, केजरीवाल और कम्युनिस्ट सारे लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं। मैं इन सारी पार्टियों को चुनौती देता हूं कि कहीं पर भी इस कानून पर चर्चा करने के लिए आ जाओ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से हिंदू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध, ईसाई लोग, जो धर्म के आधार पर प्रताड़ित होकर आए हैं, उन्हें नागरिकता देने का कानून है। विपक्षी इसके खिलाफ एकजुट हो जाएं, लेकिन बीजेपी इस फैसले पर एक इंच भी पीछे नहीं हटेगी।

## अमेरिका–ईरान में बढ़ा तनाव, भारत ने दी संयम बरतने की नसीहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ईरानी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी के अमेरिकी एयर स्ट्राइक में मारे जाने की घटना के बाद वॉशिंगटन और तेहरान के बीच पहले से जारी तनाव बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, हमें यह जानकारी मिली है कि अमेरिका द्वारा ईरान के वरिष्ठ नेता मारे गए हैं। बढ़ता तनाव दुनिया के लिए चिंताजनक है। इस क्षेत्र में शांति व सुरक्षा भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मंत्रालय ने आगे कहा, श्यह जरूरी है कि स्थिति न बिगड़े। भारत लगातार संयम बरतने की वकालत करता है और आगे भी करेगा।

सुलेमानी के मारे जाने के बाद पश्चिम देशों का मानना है कि इससे तनाव की स्थिति और बढ़ेगी। एयर स्ट्राइक पर रूस ने कहा कि अमेरिका के इस कदम से क्षेत्र में तनाव बढ़ेगा। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सुलेमानी की हत्या एक खतरनाक कदम है और यह क्षेत्र में तनाव बढ़ाएगा। उधर, फ्रांस ने भी रूस के बयान को दोहराते हुए कहा है कि ईरानी जनरल की हत्या के बाद दुनिया अब और खतरनाक हो गई है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पाक में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लाहौर। पाकिस्तान के ननकाना साहिब में शुक्रवार को सैकड़ों की भीड़ ने सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थलों में से एक ननकाना साहिब गुरुद्वारा पर पथराव की। दोपहर से ही भीड़ ने गुरुद्वारे को घेर लिया है। अब मौके पर बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात है, मगर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। घटना से जुड़े विडियो में

**सिखों को भगाने, शहर का नाम बदलने की दी धमकी**

एक कट्टरपंथी सिखों को ननकाना साहिब से भगाने और इस पवित्र शहर का नाम बदलकर गुलाम अली मुस्तफा करने की धमकी देते दिख रहा है।

भीड़ का नेतृत्व पिछले साल ननकाना साहिब की एक सिख लड़की जगजीत कौर को अगवा करने और जबरन धर्मांतरण कर निकाह करने के आरोपी मोहम्मद हसन का परिवार कर रहा है। उनका आरोप है कि श्अपनी मर्जी से इस्लाम कबूलनेश और शादी करने वालीश लड़कियों को लेकर सिख समुदाय बेवजह हंगामा खड़ा करता है। बता दें कि पिछले साल जिस जगजीत कौर का जबरन धर्मांतरण हुआ था, वह ननकाना साहिब गुरुद्वारे के ही ग्रंथी की बेटी है।